

## फीफा ग्रुप स्टेज अंक तालिका

| | |
|---|---|
| **ग्रुप अ** | |
| मेक्सिको | 3 अंक |
| दक्षिण कोरिया | 3 अंक |
| चेकिया | 0 अंक |
| दक्षिण अफ्रीका | 0 अंक |
| **ग्रुप ब** | |
| स्विट्ज़रलैंड | 1 अंक |
| कनाडा | 1 अंक |
| कतर | 1 अंक |
| बोस्निया और हर्जेगोविना | 1 अंक |
| **ग्रुप स** | |
| स्कॉटलैंड | 3 अंक |
| मोरक्को | 1 अंक |
| ब्राज़ील | 1 अंक |
| हैती | 0 अंक |
| **ग्रुप द** | |
| अमेरिका | 3 अंक |
| ऑस्ट्रेलिया | 3 अंक |
| तुर्किये | 0 अंक |
| पैराग्वे | 0 अंक |
| **ग्रुप इ** | |
| जर्मनी | 3 अंक |
| आइवरी कोस्ट | 3 अंक |
| इक्वाडोर | 0 अंक |
| कुरासाओ | 0 अंक |
| **ग्रुप फ** | |
| स्वीडन | 3 अंक |
| जापान | 1 अंक |
| नीदरलैंड्स | 1 अंक |
| ट्यूनीशिया | 0 अंक |
| **ग्रुप ग** | |
| न्यूज़ीलैंड | 1 अंक |
| ईरान | 1 अंक |
| बेल्जियम | 1 अंक |
| मिस्र | 1 अंक |
| **ग्रुप ह** | |
| उरुग्वे | 1 अंक |
| सऊदी अरब | 1 अंक |
| स्पेन | 1 अंक |
| केप वर्डे | 1 अंक |

**ग्रुप इ**

फ्रांस 0 सेनेगल 0 इराक 0 नॉर्वे 0

**ग्रुप ज**

अर्जेंटीना 0 अल्जीरिया 0
ऑस्ट्रिया 0 जॉर्डन 0


# मैसी की गोल हैट्रिक से अर्जेंटीना की जीत

**केनसस सिटी, 17 जून. स्टार फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेसी की ऐतिहासिक हैट्रिक की बदौलत मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना ने फीफा विश्व कप 2026 में अपनी अभियान की शुरुआत अल्जीरिया पर 3-0 से शानदार जीत के साथ की। मेसी ने अपनी पहली विश्व कप हैट्रिक लगाकर जर्मनी के मिरोस्लाव क्लोज के 16 गोलों के सर्वकालिक रिकॉर्ड की बराबरी कर ली.**

एरोहेड स्टेडियम में बुधवार को खेले गये मुकाबले में मेसी ने मैच में पहला गोल कर अर्जेंटीना को बढ़त दिलाई, फिर दूसरे हाफ में दो और गोल दागकर कर मैच पर अपना दबदबा बना लिया. इसी के साथ अपना 200वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहे मेसी ने अपने तीन तीन गोलों के साथ यादगार बना दिया. उनके विश्व कप गोलों की संख्या 16 तक पहुंच गयी और उन्होंने जर्मनी के महान स्ट्राइकर मिरोस्लाव क्लोजे के सर्वाधिक विश्व कप गोल के रिकॉर्ड की बराबरी भी कर ली. मेसी के अंतरराष्ट्रीय करियर की यह 11वीं हैट्रिक थी, लेकिन विश्व कप में उनकी यह पहली हैट्रिक थी. अब वह टूर्नामेंट में एक मैच में तीन गोल करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए हैं. दूसरे हाफ के आखिर मैदान से लौट रहे मेसी की अर्जेंटीना के समर्थकों ने जोरदार तालियों से हौसला अफजाई की. अर्जेंटीना ने पूरे मैच में गेंद पर नियंत्रण बनाए रखा, जबकि अल्जीरिया मेसी और उनकी टीम के आक्रमण के सामने बेबस नजर आया.




## एमबाप्पे बने फ्रांस के सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी



**न्यूयोर्क .** फीफा विश्व कप 2026 के छठे दिन फुटबॉल जगत के दो सबसे बड़े सितारे किलियन एमबाप्पे और एरलिंग हालंद छाए रहे. एमबाप्पे ने सेनेगल के खिलाफ दो गोल दागकर फ्रांस को 3-1 से जीत दिलाई, जबकि हालंद ने विश्व कप पदार्पण मैच में दो गोल और एक असिस्ट के साथ नॉर्वे को इराक पर 4-1 की शानदार जीत दिलाई. दोनों खिलाड़ियों ने व्यक्तिगत उपलब्धियां हासिल कीं, लेकिन मैच के बाद उनका ध्यान रिकॉर्ड्स से ज्यादा अपनी-अपनी टीमों की सफलता पर केंद्रित नजर आया. सेनेगल के खिलाफ मुकाबले में दो गोल करते ही किलियन एमबाप्पे फ्रांस के लिए अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए. उनके नाम अब 58 गोल हो गए हैं और उन्होंने ओलिवियर गिरौद (57) को पीछे छोड़ दिया है. इसके साथ ही एमबाप्पे विश्व कप में फ्रांस के लिए सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी भी बन गए. उनके नाम अब विश्व कप में 14 गोल हैं और उन्होंने जस्ट फॉनटेन (13) का रिकॉर्ड तोड़ दिया. हालांकि, मैच के बाद एमबाप्पे ने साफ कर दिया कि उनका लक्ष्य व्यक्तिगत रिकॉर्ड नहीं, बल्कि फ्रांस को विश्व कप जिताना है.

## दो गोल दाग कर हालैंड ने दिलाई जीत



**बोस्टन .** एर्लिंग हालैंड दो गोलों की बदौलत नॉर्वे ने फीफा विश्वकप 2026 ग्रुप मुकाबले में इराक पर 4-1 से शानदार जीत दर्ज की. जिलेट स्टेडियम में बुधवार को खेले गये मुकाबले में शुरुआती दबाव के बाद, एर्लिंग हालैंड ने डेविड वोल्फ के शानदार लो क्रॉस पर स्लाइड करते हुए गोल दागकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई. इराक ने पलटवार करते हुए अयमान हुसैन ने नॉर्वे के गोलकीपर ओरजान नाइलैंड को चकमा देते हुए एक शानदार हेडर से गोल दाग दिया. इसी के इराक ने स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया. इराकी खिलाड़ियों की खुशी ज्यादा देर तक नहीं टिकी, क्योंकि गोलकीपर जलाल हसन गेंद पर थोड़ा हिचकिचाए, तभी हालैंड ने उन पर दबाव बनाया और जल्दबाजी में क्लियरेंस करते हुए गेंद उनके पैरों से टकराकर गोल में चली गई. अपने पहले विश्व कप हाफ में ही हालैंड ने दो गोल दाग दिए. ब्रेके बाद मैच दोबारा शुरू होने के बाद भी नॉर्वे का दबदबा कायम रहा; उन्होंने कई मौके बनाए और साथ ही इराक के हमलों को भी रोके रखा. 63वें मिनट में इराक बराबरी करने के करीब पहुंच गया था, जब एक लंबे पास पर हुसैन अली को दूर वाले पोस्ट पर गेंद मिली, लेकिन उनका वॉली शॉट गोलकीपर ओरजान नाइलैंड को छकाने के बावजूद नेट की छत पर जा गिरा. दूसरे हाफ के अधिकांश समय तक नॉर्वे ने इराक को पूरी तरह से रोके रखा, फिर स्थानापन्न खिलाड़ी लियो ओस्टिगार्ड ने मार्टिन ओडेगार्ड के कॉर्नर पर जोरदार उछाल के साथ गोल दाग दिया. इसके बाद, खेल के लगभग अंतिम क्षण में, हालैंड के पास पर क्रिस्टियन थोरस्टवेड ने हेडर से गोल दागकर स्कोर 4 कर दिया. इस परिणाम के बाद, पहले मैच के बाद नॉर्वे गोल अंतर के आधार पर ग्रुप आई में फ्रांस से आगे है.

## फ्रांस ने सेनेगल को हराकर की शुरुआत

**ईस्ट रदरफोर्ड .** कप्तान किलियन एमबाप्पे दो शानदार गोलों की बदौलत फ्रांस ने यहां खेले गये ग्रुप मुकाबले में सेनेगल पर 3-1 की जीत के साथ विश्वकप वर्ल्ड कप 2026 में अपने अभियान की शुरुआत की. मेटलाइफ स्टेडियम में बुधवार को खेले गये मुकाबले में कप्तान किलियन एमबाप्पे ने दो गोल किए, जिसमें स्टॉपेज-टाइम में किया गया एक शानदार गोल भी शामिल था. 80,545 दर्शकों के समर्थन के बावजूद, फ्रांस को अनुशासित सेनेगल टीम से कड़ी टक्कर मिली, जिसने लंबे समय तक उन्हें बराबरी पर रखा और जवाबी हमले से खतरा पैदा किया. सेनेगल ने पहले हाफ के बीच में पूर्व वर्ल्ड चैंपियन को लगभग चौंका ही दिया था, जब निकोलस जैक्सन ने तेज हमले के बाद 25वें मिनट में गोल की ओर दौड़ते हुए पोस्ट पर शॉट मारा. अफ्रीकी टीम खतरनाक दिखती रही, और सादियो माने ने दूर से शॉट मारकर गोलकीपर माइक मैगनन को शानदार बचाव करने पर मजबूर किया. इसके बाद फ्रांस ने धीरे-धीरे गेंद पर अपना नियंत्रण बनाया और माइकल ओलिस, उस्मान डेम्बेले और युवा खिलाड़ी डेसिरे डौए के जरिए कई मौके बनाए, लेकिन सेनेगल के गोलकीपर एडुआर्ड मेंडी ने बार-बार उन्हें रोका, जिससे हाफ-टाइम तक स्कोर गोल राहित रहा.

## स्टार खिलाड़ियों के दम पर दिग्गजों की जीत

**वॉशिंगटन.** स्टार खिलाड़ियों के रिकॉर्ड प्रदर्शन की बदौलत मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना, फ्रांस और नॉर्वे ने फीफा विश्वकप 2026 के मंगलवार रात खेले गये अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज की. मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना ने अल्जीरिया को 3-0 से आसानी से हराया. इस मैच में स्टार लियोनेल मेसी ने विश्वकप में अपनी पहली हैट्रिक लगाई. वहीं, किलियन एम्बाप्पे और एर्लिंग हालैंड ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए दो-दो किये. कैनसस सिटी स्टेडियम में, अर्जेंटीना के ग्रुप जे मैच में मेसी को गोल करने में केवल 17 मिनट लगे. उन्होंने दूर से शॉट मारकर दक्षिण अमेरिकन टीम को बढ़त दिलाई. 38 साल के मेसी ने 60वें मिनट में अपना दूसरा गोल किया और फिर 76वें मिनट में हैट्रिक पूरी की. यह मेसी का वर्ल्ड कप में 16वां गोल था, जिससे वे टूर्नामेंट के अब तक के सबसे अधिक गोल करने वालों की सूची में जर्मनी के मिरोस्लाव क्लोज के बराबर पहुंच गए. ग्रुप आई में एम्बाप्पे ने दो गोल किए और फ्रांस ने सेनेगल को 3-1 से हराकर अपने तीसरे वर्ल्ड कप खिताब की ओर कदम बढ़ाया. इन दो गोलों के साथ ही वे ओलिवियर गिरौड के 57 गोल के रिकॉर्ड को पीछे छोड़कर फ्रांस के लिए अब तक के सबसे ज़्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए. नॉर्वे ने इराक पर 4-1 से शानदार जीत दर्ज की.



# किरण पहल ने पूरी की 400 मीटर में हैट्रिक

**सूरत, 16 जून. पेरिस 2024 ओलंपियन किरण पहल ने मंगलवार को सूरत में इंडियन एथलेटिक्स सीरीज़ 2026 के 12वें चरण में महिलाओं की 400 मीटर स्पर्धा का खिताब जीतकर घरेलू सर्किट पर अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा और हैट्रिक पूरी की.**

वीर नर्मद साउथ गुजरात यूनिवर्सिटी में प्रतिस्पर्धा करते हुए, किरण ने 53.49 सेकंड का समय लिया और आसानी से आकांक्षा गावड़े (58.70 सेकंड) और रमा तंवर (1:02.21 सेकंड) से आगे रहीं. इस जीत के साथ किरण ने इस सीज़न में इंडियन एथलेटिक्स सीरीज़ में हैट्रिक पूरी कर ली. इससे पहले उन्होंने संगरूर में 54.07 सेकंड और लुधियाना में 52.89 सेकंड (जो इस सीज़न का दूसरा सबसे तेज़ भारतीय समय था) के समय के साथ महिलाओं की 400 मीटर दौड़ जीती थी.

> 25 वर्षीय ट्रैक और फ़ील्ड एथलीट 2024 में देश की प्रमुख क्वार्टर-माइलर (400 मीटर धाविका) के रूप में उभरीं, जब उन्होंने पंचकूला में इंटर-स्टेट चैंपियनशिप में 50.92 सेकंड का समय लिया, जो अब तक का दूसरा सबसे तेज़ भारतीय समय था. इस प्रदर्शन ने पेरिस 2024 के एंट्री स्टैंडर्ड को पार किया और ओलंपिक के लिए उनका क्वालिफ़िकेशन पक्का किया.

## विमेंस टी20 विश्व कप में श्रीलंका चमका

**नई दिल्ली.** श्रीलंका ने मंगलवार को द रोज बाउल में खेले गए विमेंस टी20 वर्ल्ड कप 2026 के 7वें मैच में न्यूजीलैंड के विरुद्ध 5 विकेट से जीत दर्ज की। इसी के साथ 'ग्रुप-बी' में मौजूद श्रीलंका ने जीत का खाता खोल लिया है, जबकि न्यूजीलैंड को लगातार दूसरे मैच में हार का सामना करना पड़ा. टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम ने निर्धारित ओवरों में 6 विकेट खोकर 150 रन बनाए. इस टीम को महज 4 रन पर इसाबेल गेज (4) के रूप में पहला झटका लगा गया था.

## श्रीलंका सीरीज के लिए लौटे गेंदबाज अल्जारी-शमार

**घरेलू सीरीज में वेस्टइंडीज को मिली मजबूती**

**जमैका, 17 जून. वेस्टइंडीज ने श्रीलंका के खिलाफ होने वाली दो टेस्ट मैचों की घरेलू सीरीज के लिए टीम में तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ और शमार जोसेफ की वापसी हुई है, साथ ही विकेटकीपर-बल्लेबाज जोशुआ डा सिल्वा और अमीर जांगू को भी टीम में वापस बुलाया गया है.**

चोट के कारण अल्जारी और शमार पिछले साल के आखिर में भारत और न्यूज़ीलैंड में वेस्टइंडीज़ के टेस्ट मैचों में नहीं खेल पाए थे. इस फ़ॉर्मेट में वे आखिरी बार 2025 में ऑस्ट्रेलिया के कैरिबियन दौरे पर खेले थे. उनकी वापसी से टीम का तेज़ गेंदबाज़ी आक्रमण और मजबूत होगा, जिसमें केमार रोच और जेडन सील्स भी शामिल हैं. रोस्टन चेज टीम की अगुवाई करेंगे. इसके अलावा वेस्टइंडीज ने डा सिल्वा को भी टीम में वापस बुलाया है, जो घरेलू सीज़न में शानदार प्रदर्शन के बाद विकेटकीपिंग की ज़िम्मेदारी संभालेंगे.

# जूनियर महिला हॉकी टीम का ब्रिटेन दौरा

**नयी दिल्ली, 17 जून. भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम पांच से 14 जुलाई तक ब्रिटेन के दौरे पर जाएगी, जहा वे स्कॉटलैंड सीनियर महिला, इंग्लैंड अंडर-21, अमेरिका अंडर-21 और बेल्जियम अंडर-21 टीमों के खिलाफ सात मैच खेलेंगी.**



भारतीय महिला टीम का यह दौरा नए नियुक्त कोच टिम व्हाइट के मार्गदर्शन में टीम का पहला बड़ा अंतरराष्ट्रीय असाइनमेंट होगा और भविष्य की अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए टीम की तैयारियों का एक अहम हिस्सा होगा. भारतीय टीम स्कॉटलैंड के एडिनबर्ग में टूर की शुरुआत करेगी, जहां वे पांच और छह जुलाई को यूनिवर्सिटी ऑफ़ एडिनबर्ग के पेफ़रमिल प्लेइंग फील्ड्स में स्कॉटलैंड सीनियर महिला टीम के खिलाफ दो मैच खेलेंगी. इसके बाद टीम इंग्लैंड के लिलेशाल जाएगी, जहां वे लिलेशाल नेशनल स्पोर्ट्स सेंटर में पांच मैच खेलेंगी. भारत का मुकाबला आठ और 11 जुलाई को अमेरिका अंडर-21 से होगा, जबकि नौ और 12 जुलाई को वे इंग्लैंड अंडर-21 का सामना करेंगी. टूर का समापन 14 जुलाई को बेल्जियम अंडर-21 के खिलाफ मैच के साथ होगा.

# टी20 : ऑस्ट्रेलिया ने बंगलादेश को रौंदा

**लीड्स, 17 जून. एलिस पैरी (14 रन पर दो विकेट और नाबाद 19 रन) के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने बंगलादेश को बुधवार को महिला टी20 विश्व कप के ग्रुप 'ए' मुकाबले में एकतरफा अंदाज में नौ विकेट से रौंद दिया.**



ऑस्ट्रेलिया ने बंगलादेश को आठ विकेट पर 77 रन पर रोकने के बाद 9.3 ओवर में एक विकेट पर 78 रन बनाकर आसान जीत हासिल की. एलिस पैरी को 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला. लीड्स में ऑस्ट्रेलिया का पूरी तरह दबदबा रहा. उन्होंने गेंदबाज़ी से बंगलादेश को बुरी तरह जकड़ कर रखा और लगभग पूरी पारी के दौरान उनका रन-रेट चार से नीचे ही बनाए रखा. पिच से गेंद को काफ़ी मदद मिल रही थी और ऑस्ट्रेलिया की तेज़ गेंदबाज़ों-जैसे कि किम गार्थ, एलिस पेरी और एनाबेल सदरलैंड-ने शानदार प्रदर्शन किया. यहाँ तक कि सोफी मोलिन्यूक्स ने भी ज़्यादातर इनस्विंगिंग आर्म-बॉल डालीं और 2/14 के आंकड़े हासिल किए. रन-चेज़ में जॉर्जिया वोल का दबदबा रहा; पहले मैच में रन न बना पाने के बाद उन्होंने इस बार मिले मौके का पूरा फ़ायदा उठाया और नाबाद 45 रन बनाये.

# भारतीय महिला टीम की लगातार दूसरी जीत

**विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप : नीदरलैंड को 95 रन से हराया**

**लीड्स, 17 जून।** भारत ने विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में लगातार दूसरी जीत दर्ज कर ली। टीम ने नीदरलैंड को 95 रन से हरा दिया। हेडिंग्ले के लीड्स में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट पर 209 रन बनाए। यह महिला टी-20 वर्ल्ड कप में उसका सबसे बड़ा स्कोर है। जवाब में नीदरलैंड की टीम 17.3 ओवर में 114 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। भारत की ओर से स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा ने पहले विकेट के लिए 115 रन की साझेदारी की। मंधाना ने 47 गेंदों में 74 रन बनाए। 11 चौके और एक छक्का भी लगाया। शेफाली ने 38 गेंदों पर 55 रन की पारी खेली। उन्होंने 3 विकेट भी लिए। गेंदबाजी में श्री चरणी ने भारत के लिए 4 विकेट झटके। नंदिनी शर्मा ने 2 विकेट लिए। नीदरलैंड की ओर से कप्तान बैबेट डी लीडे ने सबसे ज्यादा 28 रन बनाए।



**शेफाली ने कैलिस को बोल्ड किया-** शेफाली वर्मा ने नीदरलैंड की कैलिस को 18 रन पर बोल्ड कर दिया। 12वें ओवर की दूसरी गेंद पर शेफाली ने ऑफ स्टंप के आसपास फ्लाइटेड गेंद डाली। कैलिस गेंद के टर्न की उम्मीद में शॉट खेलने गईं, लेकिन गेंद सीधी निकल गई और उनके बल्ले को चकमा देते हुए स्टंप्स से जा टकराई।

**क्रिकेट** ▶ दूसरा वनडे जीतकर सीरीज भी जीती, गिल-किशन के शतक

# भारत ने अफगानिस्तान को 170 रन से हराया



**लखनऊ 17 जून।** भारत ने लखनऊ में खेले गए दूसरे वनडे में अफगानिस्तान को 170 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज अपने नाम कर ली। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 402 रन बनाए। जवाब में अफगानिस्तान की टीम 44.3 ओवर में 232 रन पर ऑलआउट हो गई। दारविश रसूली चोट के कारण रिटायर्ड हर्ट हुए और फिर बल्लेबाजी के लिए नहीं लौटे। भारत के लिए कप्तान शुभमन गिल ने 154 और ईशान किशन ने 125 रन की शतकीय पारियां खेलीं। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 224 रन जोड़कर टीम को 400 के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। गेंदबाजी में अर्शदीप सिंह और गुरनूर बरार ने 3-3 विकेट झटके।

### रहमत शाह ने बनाए 79 रन

अफगानिस्तान की ओर से रहमत शाह ने सबसे ज्यादा 79 रन बनाए। टीम के लिए नांगेलिया खरोटे ने 4 और राशिद खान ने 3 विकेट लिए। भारत ने धर्मशाला में पहला वनडे 7 विकेट से जीता था। सीरीज का तीसरा और आखिरी मुकाबला 20 जून को चेन्नई में खेला जाएगा।

> **प्रिंस यादव ने लिया आखिरी विकेट**
>
> प्रिंस यादव ने 45वें ओवर में रहमत शाह का विकेट लेकर भारत की 170 रन की जीत पर मुहर लगा दी। 403 रन के का पीछा कर रही अफगानिस्तान की टीम 44.3 ओवर में 232 रन पर सिमट गई।

## रोहित शर्मा ने लिस्ट ए में रचा इतिहास

**नई दिल्ली.** भारतीय क्रिकेट टीम के बल्लेबाज रोहित शर्मा ने अफगानिस्तान के खिलाफ खेले जा रहे दूसरे वनडे मैच में एक नया इतिहास रच दिया है. रोहित शर्मा ने लिस्ट 'ए' क्रिकेट में अपने 14,000 रन पूरे कर लिए हैं. इस मुकाबले को शुरू होने से पहले उन्हें इस बड़े मुकाम तक पहुंचने के लिए केवल 10 रनों की जरूरत थी, जिसे उन्होंने मैदान पर आते ही आसानी से पूरा कर लिया. रोहित शर्मा के बल्ले से वनडे क्रिकेट में ही कुल 11640 रन बनाए हैं. रोहित के लिस्ट-ए क्रिकेट के कुल आंकड़ों पर नजर डालें तो यह किसी भी बल्लेबाज के लिए एक बड़ा सपना जैसा है.

# खिलाड़ी सिर्फ खेल पर ध्यान दें : सैकिया

**नयी दिल्ली, 17 जून। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने इंडिया ए के खिलाड़ियों से अपने खेल पर ध्यान देने की अपील की है। यह प्रतिक्रिया वैभव सूर्यवंशी और श्रीलंका ए के विशेन हलमबागे के बीच हुए विवाद के बाद आई है, जो सोमवार को दांबुला में खेले गए एक रोमांचक मैच के बाद हुआ था.**



सुपर ओवर में श्रीलंका ए की जीत के बाद खिलाड़ियों के बीच तीखी बहस हुई, जो आगे बढ़कर शारीरिक धक्का-मुक्की तक पहुंच गई. एक समय सूर्यवंशी और हलमबागे को अलग करने के लिए अन्य खिलाड़ियों और अधिकारियों को बीच-बचाव करना पड़ा. सैकिया ने एक अंग्रेजी अखबार से कहा, 'इंडिया ए एक बड़े टूर्नामेंट में खेल रही है. वहां मौजूद सभी खिलाड़ी भविष्य में भारतीय सीनियर टीम में जगह बनाने के दावेदार हैं. इसलिए उन्हें किसी भी तरह के अन्य मुद्दों में उलझने के बजाय अपने खेल पर ध्यान देना चाहिए.

> फिलहाल हमारी चिंता सिर्फ यही है.' 15 वर्षीय सूर्यवंशी अपनी कम उम्र में रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन के कारण लगातार चर्चा में रहे हैं. हालांकि इससे पहले भी उनका नाम अनुशासन से जुड़े विवादों में आया था. पिछले साल अंडर-19 एशिया कप के फ़ाइनल में पाकिस्तान के ख़िलाफ़ आउट होने के बाद उन्होंने अपने जूते की ओर इशारा किया था, जिसे लेकर भी चर्चा हुई थी. सैकिया ने स्पष्ट किया कि बीसीसीआई ने इस घटना के बाद न तो सूर्यवंशी और न ही किसी अन्य खिलाड़ी से कोई बातचीत की है.